## तुल्फ रैयत की नल जल योजना बंद

### 20 दिन से नहीं मिल रहा है पानी



**छपारा, देशबन्धु।** जनपद पंचायत छपारा के अंतर्गत ग्राम पंचायत तुल्फ रैयत कि नल जल योजना 20 दिन हो गए बंद पड़ी है ग्रामीणों को पेयजल की समस्या हो रही है इस संबंध में ग्राम पंचायत के सरपंच का कहना है कि बोर सूख गया है ऐसी स्थिति में पानी कहां से लाकर दें टैंकर से पानी देने की योजना भी नहीं है। दूसरा बोर करना पड़ेगा।

अब ग्राम पंचायत के लोग यहां वहां से पानी की व्यवस्था कर रहे हैं गर्मी प्रारंभ भी नहीं हुई है और पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। आने वाले समय में ग्राम पंचायत में पानी की बड़ी समस्या होने वाली है।

मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था ग्राम पंचायत नहीं कर पा रही है तो ग्रामीणों में आक्रोश स्वाभाविक है। ऐसी स्थिति में उच्च अधिकारी तुल्फ रैयत में पानी के लिए कोई विकल्प तलाशे जिससे ग्रामीणों को गर्मी के मौसम में स्वच्छ पेयजल मिल सके।

ग्राम पंचायत के चुनाव के समय सरपंच पति ने ग्राम वासियों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने का वादा किया था। ग्राम पंचायत से पेयजल की व्यवस्था न होगी तो मैं स्वयं पेय जल पूर्ति करूंगा। तुल्फ रैयत के ग्राम बेरढाना में चार साल से नल जल योजना बंद पड़ी हुई लेकिन आज तक सरपंच द्वारा कोई सुधार कार्य नहीं हो पाया और पानी के नाम पर बहुत सारे बिल मोटर रिपेयरिंग के नाम से लगाए गए हैं।

सरपंच द्वारा ग्राम वासियों की समस्या अगर सुनी जाती तो 4 साल ग्राम बेरढाना की नल जल योजना बंद नहीं रहती।

## तेज रफ़्तार हार्वेस्टर ने बाइक सवार को रौंदा, मौत

**बटियागढ़, देशबन्धु।** थाना क्षेत्र चौकी केरवना के सिहेरा खड़ेरी मार्ग पर खड़ेरी के पास तेज रफ़्तार हार्वेस्टर ने बाइक सवार को रौदा घटना में बाइक सवार की मौत पुलिस ने मोके पर पहुंचकर हार्वेस्टर को अभिरक्षा में लिया शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बटियागढ़ भेजा।

मृतक इमरत सींग लोधी के भाई मुन्ना सींग ने बताया कि मेरा भाई जा रहा था सामने से एक हार्वेस्टर सिहेरा और खड़ेरी के बीच में तेज रफ्तार से आ रहा था जिसने मेरे भाई को रौद दिया जिससे उसकी मौत हो गई। बटियागढ़ थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।



## वन्य जीव प्रबंधन के लिए कार्यशाला आज और कल

**सिवनी, देशबन्धु ।** उपसंचालक पेंच टाईगर रिजर्व सिवनी द्वारा बताया गया कि शासन के निर्देशानुसार मध्यप्रदेश में वन्यजीव प्रबंधन के लिए भविष्य की रणनीति तैयार करने हेतु राज्य स्तरीय 02 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन पेंच टाइगर रिजर्व सिवनी अंतर्गत खवासा में दिनांक 07 एवं 08 मार्च 2025 को किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि इस कार्यशाला में मध्यप्रदेश वन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव, प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख, मुख्य वन्यजीव अभिरक्षक सहित समस्त प्रधान एवं अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, टाइगर रिजर्व के क्षेत्र संचालक, वन्यजीव बाहुल्य वन वृतों के मुख्य वन संरक्षक, वनमण्डल अधिकारी, मध्यप्रदेश के अतिरिक्त अन्य राज्य जैसे महाराष्ट्र, कर्नाटक आदि के मुख्य वन्यजीव अभिरक्षक, वैज्ञानिक, सेवानिवृत्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वरिष्ठ अधिकारी, एन.टी.सी.ए. के पदाधिकारी, एन.जी.ओ. के पदाधिकारी, टाइगर रिजर्व के फील्ड वॉयोलॉजिस्ट सहित 80 से अधिक अधिकारियों के उपस्थित रहकर भविष्य में मध्यप्रदेश में वन्यजीव प्रबंधन हेतु गहन विचार विमर्श कर रणनीति तैयार की जावेगी। उन्होंने बताया कि इस कार्यशाला का उद्देश्य वर्तमान परिदृश्य में वन्यजीव प्रबंधन के विभिन्न आयाम जैसे मानव-वन्यजीव द्वन्द की परिस्थितियां, समुदायों को साथ में लेकर वन्यजीव प्रबंधन, भौगोलिक परिदृश्य के आधार पर पर्यावास प्रबंधन, कॉरीडोर की वर्तमान स्थिति एवं भविष्य के लिए प्रबंधन योजना आदि जैसे विषयों पर विषय विशेषज्ञ कार्यशाला के दौरान चर्चा कर रणनीति तैयार करेंगे।

पेंच टाइगर रिजर्व अंतर्गत इस प्रकार की कार्यशाला का आयोजन होना एवं राष्ट्रीय स्तर के विषय विशेषज्ञों का पेंच टाइगर रिजर्व आकर कार्यशाला में भाग लेना अत्यंत गौरवमयी क्षण होगा।

## सार-समाचार

### पोषण भी-पढ़ाई भी थीम के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित



**जुन्नारदेव, देशबन्धु ।** महिला बाल विकास जिला कार्यक्रम अधिकारी हेमंत छेकर के निर्देशन में परियोजना जुन्नारदेव के अंतर्गत महिला बाल विकास अधिकारी सीमा पटेल, पर्यवेक्षक सीमा धुर्वे के आदेश अनुसार जुन्नारदेव शहरी सेक्टर में सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओं को अपने-अपने आंगनबाड़ी केंद्र में पोषण भी पढ़ाई भी थीम के अंतर्गत प्री प्राइमरी शिक्षा के लिए आवश्यक सामग्री स्लेट बुक, अल्फाबेट बुक , चौक पेंसिल आदि की व्यवस्था की गई। 3 से 6 साल के बच्चे प्रतिदिन आंगनवाड़ी में आकर पोषण के साथ-साथ खेल खेल में पढ़ाई कर रहे हैं, जिससे तीन से 6 साल के बच्चों का शारीरिक मानसिक बौद्धिक विकास कार्यकर्ता सहायिका द्वारा आसानी से किया जा रहा है।

### कोयले का हो रहा अवैध परिवहन

**जुन्नारदेव, देशबन्धु ।** सूमो वाहन से कोयले का काला कारोबार अवैध परिवहनहो रहा था जिसकी सूचना नायब तहसीलदार मोहित बोरकर को मिली तत्काल मौके पर उमरेड रोड पर टाटा सुमो वाहन पकडा सूमो में बोरी में कोयला भरा हुआ था अधिकारी को देख सुमो का ड्राइवर गाड़ी छोड़कर भाग गया वाहन को जुन्नारदेव पुलिस थाना की आभिरक्षा में लाकर खड़ा कर दिया गया ।



### अवैध रेत का परिवहन करते ट्रैक्टर ट्राली को किया जब्त

**जुन्नारदेव, देशबन्धु ।** जिला कलेक्टर शैलेंद्र सिंह के निर्देश अनुसार एसडीएम कामिनी ठाकुर के मार्गदर्शन में नायब तहसीलदार मोहित बोरकर के द्वारा नीले रंग का ट्रैक्टर और ट्राली को जुन्नारदेव के विशाला रोड पर कट्टा नदी से अवेध रेत परिवहन करते हुए ट्रैक्टर पकड़ा । जुन्नारदेव थाने में अभिरक्षा में खड़ा किया गया मामले पर बताया कि जांच प्रतिवेदन बनाकर जिला कलेक्टर को सौंपा जाएगा ।



### व्यवस्थित रुप से संपन्न हुई हाईस्कूल की संस्कृत विषय की परीक्षा

**सिवनी, देशबन्धु।** जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा बताया गया कि माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार गुरूवार 06 मार्च को हाईस्कूल की संस्कृत विषय की परीक्षा 84 परीक्षा कन्द्रों में आयोजित हुई। जिसमें दर्ज 15098 परीक्षार्थियों में से 14673 परीक्षार्थी उपस्थित पाये गये एवं 425 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाये गये तथा नकल प्रकरण निरंक पाया गया। जिला स्तर पर परीक्षाओं के व्यवस्थित आयोजन को लेकर जिला एवं खण्ड स्तर पर निरीक्षण दलों का गठन किया गया है साथ ही मुख्यकार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के निर्देशन में जिला स्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित कर सभी गतिविधियों को मॉनिटर किया जा रहा है।

### उत्कृष्ट विद्यालय सिवनी व मॉडल स्कूल लखनादौन में प्रवेश परीक्षा नौ को

**सिवनी, देशबन्धु।** प्राचार्य शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सिवनी ने जानकारी देकर बताया कि कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए उत्कृष्ट विद्यालय सिवनी एवं मॉडल स्कूल लखनादौन प्रवेश परीक्षा दिनांक रविवार 09 मार्च 2025 को होने जा रही है। उन्होंने बताया कि परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों के प्रवेश पत्र म.प्र. राज्य मुक्त शिक्षा बोर्ड की वेब साईड www.mpsos. nic.in पर अपलोड कर दिये गये है। प्रवेश पत्र डाउनलोड करने हेतु परीक्षार्थी स्वयं या किसी भी ऑनलाइन कियोस्क सेंटर पर जाकर म.प्र. राज्य मुक्त शिक्षा बोर्ड की वेब साईड www.mpsos.nic.in से अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

## श्रीधाम में ओवर नाइट एक्सप्रेस के स्टॉपेज की मांग

गोटेगांव, देशबन्धु । श्रीधाम स्टेशन जिस ट्रेन में गरीब जनता सफर करती थी वह ट्रेनें बंद कर दी गई है अब सवाल यह उठता है की गरीब जनता की कोई सुनने वाला है क्या।जो बंद पड़ी शटल और फास्ट गाड़ी पुनः चालू करने के लिए प्रयास होना चाहिए इस विषय में अनेक बार जनता ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों को इस समस्या से अवगत भी कराया किंतु जनप्रतिनिधियों की चुप्पी जनमानस में रोष व्याप्त कर रही है ।

पढ़ाई करने के लिए इंदौर जाने वाले बच्चों के लिए रेल प्रशासन को ओवरनाइट का स्टॉपेज करना चाहिए अभी इंदौर के लिए सिर्फ नर्मदा एक्सप्रेस है इसको पहुंचने में 13 घंटे का समय लगता है एवं ओवरनाइट अगर श्रीधाम स्थापित हो जाए तो सिर्फ 9 घंटे में इंदौर की यात्रा विद्यार्थियों के लिए सुगमता प्रदान करेगी। इंदौर आने जाने वाले बच्चों के लिए समय भी कम लगेगा। इस विषय में शासन प्रशासन एवं जनप्रतिनिधि ध्यान दें।



स्मरण हो कि श्रीधाम और आसपास ग्रामों की जनता ट्रेनों को लेकर अच्छा खासा परेशान भी हो रही है मगर रेल मंत्रालय को इससे कोई सरोकार नहीं है ज्ञातव्य हो कि सुबह विंध्याचल एक्सप्रेस के बाद शाम तक इटारसी जाने के लिए जनता को कोई ट्रेन भी नहीं है और सरकार कहती है कि हमारा देश प्रगति के पथ पर अग्रसर हो रहा है यदि सुबह प्रतिदिन चलने वाली जान गंगा जो नरसिंहपुर जिला मुख्यालय पर रुकती है उसे श्रीधाम स्टेशन पर भी स्टॉप दिया जाए साथ ही पुरानी गाड़ी शटल भी चालू की जाए।ऐसी नगर और ग्रामों की जनता ने मांग की है।

जैसा कि सभी को विदित है कि सामान्य वर्ग के लिए सस्ती सुंदर और उपयोगी ट्रेनें बंद करने से जहां जनमानस पर आर्थिक बोझ तो पढ़ रहा है इन गाड़ियों के स्थान पर चलाई गई मेमो ट्रेन ऊंट के मुंह में जीरा सिद्ध हो रही है और जनता लगातार अपनी पुरानी ट्रेनों को चलाने की मांग कर रही है स्मरण रहे यह ट्रेनें इटारसी से कटनी सतना के बीच लगभग 30 से 40 स्टेशनों की यात्रियों को समय पर और सुविधा पूर्वक अपने गंतव्य तक लाने ले जाने का कार्य करती थी ।

ओवरनाइट ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों का यह भी कहना है कि पिपरिया में ट्रेन समय के पूर्व पहुंच जाती है एवं लगभग आधा घंटा वहां खड़ी रहती है एवं इसी तरह से आते समय मदन महल बिफोर समय पर पहुंच जाती है तू लगभग 30 मिनट मिनट मदन महल में भी खड़ी रहती है इसी समय को मैनेज करते हुए अगर दो मिनट का श्रीधाम में स्टॉपेज हो जाए तो आने जाने वाले यात्रियों एवं विद्यार्थियों का भला ही होगा। श्रीधाम से मुंबई के लिए लगभग 6 से सात गाड़ियां ही चलती है परंतु इंदौर के लिए सिर्फ एक ही गाड़ी क्यों?

## मोटर दुर्घटना दावा प्रकरणों के संबंध में प्री सिटिंग बैठक आयोजित



**सिवनी, देशबन्धु।** अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सतीश चन्द्र राय के निर्देशानुसार दिनांक 08 मार्च 2025 के सफल आयोजन हेतु 06 मार्च को जिला न्यायालय सिवनी के वीडियो कॉफ्रेंसिंग हाल में दोपहर 02 बजे से जिला न्यायालय सिवनी के न्यायाधीशगण एवं अधिवक्तागण एवं बीमा कंपनी के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई।

बैठक में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरणरवि नायक द्वारा द्वारा आगामी 08 मार्च 2025 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित मोटर दुर्घटना दावा के प्रकरणों का अधिक से अधिक संख्या में निराकरण किये जाने हेतु उपस्थित बीमा कंपनी व पक्षकारों के अधिवक्तागण के साथ ही बीमा कंपनी के अधिकारीगणों के साथ चर्चा की गई। उक्त बैठक में अधिवक्तागणों द्वारा अधिक से अधिक प्रकरणों के सहमतिपूर्ण निराकरण हेतु आश्वासन प्रदान किया।

बैठक में प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश सिवनी लक्ष्मण कुमार वर्मा, चतुर्थ अपर जिला एवं न्यायाधीश जयदीप सोनबर्से, तृतीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश सिवनी बलवीर सिंह धाकड़ जिला विधिक सहायता अधिकारी राजेश कुमार सक्सेना, बीमा कंपनी के अधिवक्तागण अभिषेक सनोड़िया, नवल सोनी, ठाकुर मंगल सिंह, तोमर सिंह बघेल, एस.एस. राजपूत,तोमर सिंह बघेल, कुसुम गौतम एवंमहेन्द्र सिगोतिया, अमित जैसवाल, वीरेन्द्र सोनकेशरिया, सजल डे आदि उपस्थित रहे।

## समय सीमा बैठक

**सिवनी, देशबन्धु ।** कलेक्टर संस्कृति जैन की अध्यक्षता में गत 05 मार्च को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा बैठक आयोजित हुई। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नवजीवन विजय, अपर कलेक्टर सी एल चनाप एवं अपर कलेक्टर सुनीता खण्डायत सहित सभी विभागों के कार्यालय प्रमुख उपस्थित थे, वहीं खंडस्तरीय अधिकारी वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में जुड़े थे। बैठक में कलेक्टर संस्कृति जैन ने सीएम हेल्प लाईन,समयसीमा में दर्ज प्रकरणों जनसुनवाई के आवेदन, विभिन्न आयोग के पत्रों में लंबित कार्यवाही सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की ।

## मुख्यमंत्री मछुआ समृद्धि योजना अंतर्गत प्रशिक्षण प्रारंभ

**सिवनी, देशबन्धु ।** उपसंचालक मत्स्योद्योग सिवनी ने जानकारी देकर बताया कि शासन द्वारा मत्स्य व्यवसाय को बढावा देने के लिये मुख्यमंत्री मछुआ समृद्धि योजना नवाचार के रूप में लागू की गई है। इस योजना अंतर्गत मत्स्य सहकारी समिति, मछुआ समूह के सदस्य तथा व्यक्तिगत मछुआरों को ग्रामीण तालाबो में मत्स्यबीज संवर्धन, मत्स्य उत्पादन एवं झींगा पालन विषय पर तीन दिवसीय तकनीकी प्रशिक्षण दिये जाने का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि इस योजना के अंतर्गत सिवनी जिले के 39 मछुआ हितग्राहियों को मत्स्य बीज उत्पादन, मत्स्योत्पादन, ग्रामीण तालाब में मत्स्यबीज संबर्धन तथा झींगा पालन का तीन दिवसीय तकनीकी प्रशिक्षण शासकीय मत्स्यबीज प्रक्षेत्र जेवनारा बरघाट में 04 मार्च से प्रारंभ किया गया है। उप संचालक मत्स्योद्योग सिवनी के.एल.मरावी के द्वारा उपस्थित जनप्रतिनिधि एवं मछुआरों को योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

रजनीश कुशराम मत्स्य निरीक्षक एंव नरपत चौधरी मत्स्य विशेषज्ञ के द्वारा मत्स्य बीज उत्पादन तथा झींगा पालन से संबधित जानकारी प्रशिक्षणार्थियों को दी गई। प्रशिक्षण के शुभारंभ अवसर पर गायत्री ठाकुर सभापति कृषि स्थायी समिति जिला पंचायत, दुपेन्द्र (लक्की) अमूले सदस्य जिला पंचायत सदस्य, सतीश कुमार सरयाम सदस्य कृषि स्थायी समिति जिला पंचायत तथा अध्यक्ष जनपद पंचायत बरघाट के पति जितेन्द्र राहंगडाले उपस्थित रहे।

## सरपंच बनाने को एकजुट क्यों नहीं होती महिला पंच

**सौसर, देशबन्धु ।** हमेशा से सुर्खियों में रहने वाली जिले की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत रामाकोना में सरपंच के निर्वाचन की बैठक स्थगित होने के बाद राजनैतिक गलियारों में चर्चा का विषय बना हुआ है ।

चर्चा ये होने लगी है की सरपंच श्वेता गगन गोहेल के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए एक सहमति से पूरे पंच लगे हुए थे जिसमे 19 पंचो द्वारा एक मत होकर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को अविश्वास प्रस्ताव हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया था उस दौरान सभी पंच एकजुट दिखाई दे रहे थे ।



उसके बाद अविश्वास प्रस्ताव का सम्मेलन जब आयोजित किया गया तो अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में 20 पंचो में से 15 पंचो की अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में गणना की गयी।

जिसके बाद से सरपंच श्वेता गोहेल गोहेल को पद मुक्त किया गया. अब स्थानापन्न सरपंच बनने की बारी आती है तो सभी पंच एकजुट दिखाई नहीं देते है या समझो तो महिला सरपंच का नेतृत्व स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं ऐसा भी समझा जा सकता है ।

चर्चा ये होने लगी है जो महिला पंच अपने अधिकारों की लड़ाई के लिए डटे रहे उन महिला पंच में से कुछ महिला पंच का कहना है की जब अविश्वास प्रस्ताव के पूर्व महिला सरपंच को बनाने की बात की गयी थी लेकिन अविश्वास प्रस्ताव आने के बाद महिला को सरपंच नहीं बनने देना ये महिला अधिकारों का हनन है, ऐसा माना जा सकता है।

### महिला पंचों में से ही बने सरपंच

अब स्थानापन्न सरपंच की बैठक स्थगित होने के बाद जो महिला पंचगण महिला के अधिकारों के लिए ग्राम पंचायत में बैठक का हिस्सा बनी उनका कहना है की सरपंच की बागडौर किसी महिला के हाथो होनी चाहिए ये बागडौर 11 महिला पंच में से किसी भी महिला के हाथ में हो लेकिन महिला पंच के हाथो में ही होनी चाहिए। ऐसा नहीं होने से ये प्रदेश सरकार एवं केंद्र सरकार जो महिलाओं की बात करती है उस सरकार पर बड़ा तमाचा हो सकता है ।

सत्ता में गली से लेकर दिल्ली तक भाजपा की सरकार है और चुनाव में जीतने के लिए स्वयं को महिला हितैषी सरकार बताकर सत्ता में काबिज होते है और ऐसे में जिले की सबसे बड़ी पंचायत रामाकोना से एक महिला सरपंच को अविश्वास प्रस्ताव से हटाया जाता है और बाद मे स्थानापन्न सरपंच के लिए भी महिला को सरपंच नहीं बनने देना सरकार पर बड़ा प्रश्न है। इससे साबित होता है की सरकार केवल चुनाव तक ही महिला हितैषी है।

## दैनिक राशिफल

**शुक्रवार 07 मार्च 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2081, शक संवत 1946 हिजरी 1445। फाल्गुन शुक्ल पक्ष की अष्टमी। नक्षत्र- मृगशिरा।**

**मेष** आज वाणी पक संयम रखें। स्नेहीजनों के साथ किसी बात पर विवाद हो सकता है। आय की अपेक्षा व्यय अधिक रहेगा।

**तुला** आज आप व्यवसाय बढ़ाने का प्रयास करेंगे। रोजाना की आय बढ़ाने के आपके प्रयास सार्थक हो सकते हैं।

**वृषभ** आज का दिन लाभ का बना हुआ है। व्यापार में आपको लाभ होगा। संतान के साथ संबंध अच्छे बने रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृश्चिक** साहित्यिक गतिविधियों के लिए आज का दिन शुभ फलदायक है। कहानी-कविता लिखने के लिए योजना बना सकते हैं।

**मिथुन** आज का दिन लाभदायी है। नौकरीमें अधिकारी आपके काम से खुश रह सकते हैं। व्यापार में भी आय बढ़ने की आशा है। `क-

**धनु** आज आप हर मामलों में सावधान रहें। माता के स्वास्थ्य में हो रहा परिवर्तन आपके विचारों को नेगेटिव कर सकता है। इससे आपका मन किसी काम में नहीं लगेगा।

**कर्क** अधिकारियों के साथ वाणी और व्यवहार में संभलकर चलें। शारीरिक रूप से अस्वस्थता और मानसिक चिंता बनी रहेगी। व्यापार में विघ्न आ सकता है।

**मकर** जीवनसाथी से आपका व्यवहार अधिक मधुरतापूर्ण होगा। मित्रों के साथ पर्यटन पर जाने का कार्यक्रम बना पाएंगे। विरोधियों पर विजय प्राप्त होगी।

**सिंह** आज क्रोध और वाणी पर संयम बरतने की सलाह आपको दी जाती है। स्वास्थ्य के मामले में संभलकर चलना होगा। मानसिक रूप से व्यग्रता बनी रहेगी।

**कुंभ** अपने खर्च पर आपको संयम रखना होगा। क्रोध और वाणी पर नियंत्रण किसी से वाद-विवाद होने से बचाएगा।

**कन्या** आज का दिन सुख और शांतिपूर्वक गुजार सकेंगे। दैनिक कामों में कुछ ज्यादा ही व्यस्त रह सकते हैं। आप मनोरंजन का सहारा लेंगे।

**मीन** आज का आप का दिन शुभ फलदायी है। आज आप उत्साही बने रहेंगे। नए काम की शुरुआत करने के लिए समय अच्छा है।

म.